# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



# KALINGA UNIVERSITY

RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY

(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma | B.Sc.
PG Diploma | M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with NIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:

- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?

- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

#Rajesh9926303899

## OUR TOP RECRUITERS

Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

## +91-9907252100

www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in


**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations

## KALSEE/KAL-MAT

20-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/20/2024 8:06 PM Page 1





# मेघना गुलजार की फिल्म से बाहर हुए सिद्धार्थ?

**मुंबई।** सिद्धार्थ और मेघना गुलजार ने आगामी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, लेकिन अब कहा जा रहा है कि दोनों फिलहाल इस फिल्म में एक साथ काम नहीं कर रहे हैं। अभिनेता ने इस फिल्म से हाथ पीछे खींच लिया है। वह अपने अभिनय में विविधता लाना चाहते हैं। इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर से वर्दी वाला किरदार करना था, इसलिए उन्होंने फिल्म से दूरी बनाने का फैसला किया है। वह दर्शकों को अपनी बहुमुखी अभिनय प्रतिभा दिखाना चाहते हैं। हालांकि, वह मेघना के साथ आगे काम करने को काफी इच्छुक हैं। सिद्धार्थ पिछले कुछ वर्षों में तीन बार वर्दी में नजर आए हैं।

## लाइफ Style



# श्रद्धा
## राहुल मोदी के साथ किया रिश्ता कंफर्म?

श्रद्धा कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री हैं। पिछले कुछ दिनों से कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा है कि वह कथित रूप से तू झूठी मैं मक्कार के लेखक राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों की तरफ से इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिससे एक बार फिर से कयासों का दौर शुरू हो गया है। दरअसल, श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ एक सेल्फी पोस्ट की है। इसके साथ उन्होंने दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है। तस्वीर के साथ श्रद्धा ने लिखा, 'दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार।' यह पहला मौका है जब अभिनेत्री राहुल के लिए सार्वजनिक तौर पर ऐसा कुछ पोस्ट किया है।

इस साल की शुरुआत में दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। कई मौकों पर दोनों को एक साथ भी देखा गया। वहीं, अभिनेत्री को गले में एक चेन पहने हुए भी देखा गया, जिस पर पहला अक्षर आर लिखा था, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि यह उन्हें राहुल ने उपहार में दी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो श्रद्धा की मुलाकात राहुल से फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के दौरान हुई। तब वह इस फिल्म से लेखक के तौर पर जुड़े हुए थे। कथित तौर पर साथ काम करते हुए दोनों एक-दूसरे को जानने लगे और प्यार हो गया। राहुल 'प्यार का पंचनामा 2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'रेसिस्टर' के लिए निर्देशक की तलाश

**लॉस एंजिलिस।** विल स्मिथ इन दिनों अपनी फिल्म 'बैड बॉयजः राइड ऑर डाई' की सफलता को भुना रहे हैं। इसी बीच अभिनेता की आगामी फिल्म पर भी दिलचस्प अपडेट सामने आ गया है। विल एक बार फिर सोनी पिक्चर्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। उनकी अगली फिल्म 'रेसिस्टर' होगी। यह साइंस फाई थ्रिलर, डैनियल सुआरेज के 2014 के उपन्यास 'इन्फ्लक्स' पर आधारित है। 'रेसिस्टर' पर काम चल रहा है और फिलहाल निर्देशक की तलाश की जा रही है।





# 'स्माइल 2' के ट्रेलर को देख कर भूल जाएंगे मुस्कुराना

**लॉस एंजिलिस।** हॉरर फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए जबरदस्त खबर आई है। 'स्माइल 2' का टीजर ट्रेलर रिलीज हो चुका है। साथ ही साथ फिल्म के मेकर्स ने रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। 'स्माइल 2' के टीजर को देखकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह फिल्म इस साल 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज जैसे स्टार्स से सजी इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर रूह कांप जाएगी। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज की फिल्म 'स्माइल 2' का निर्माण पैरामाउंट ने किया है। यह फिल्म सस्पेंस और हॉरर फिल्म 'स्माइल' की सीक्वल है। 'स्माइल 2' के ट्रेलर की शुरुआत स्माइल एंटिटी के वापस आने से होती है।



# 'डबल एक्सएल' के सेट पर डर गई थीं

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल फिल्म 'डबल एक्स एल' में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में हुमा कुरैशी भी नजर आई थीं। इन दिनों सोशल मीडिया पर सोनाक्षी और जहीर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें जहीर अपनी होने वाली जीवनसंगिनी के साथ प्रैंक करते दिख रहे हैं। वीडियो में सोनाक्षी और हुमा सेट पर घूमती दिख रही हैं, तभी अचानक जहीर पीछे से आकर सोनाक्षी को डरा देते हैं। सोनाक्षी डर जाती हैं। इसके बाद जहीर बहुत जोर से हंसते हैं। हुमा कुरैशी भी यह नजारा देख अपनी हंसी नहीं रोक पाई हैं। फिल्म 'डबल एक्स एल' वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी की बात करें तो इसमें इनके करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल होंगे।



# 'नो एंट्री-2' पर बोले यही लाइफ है

**मुंबई।** अनिल कपूर अब बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट करने वाले हैं। अनिल को बिग बॉस होस्ट करता देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अनिल ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं जिसमें नो एंट्री और वेलकम 3 शामिल हैं। अब इन दोनों फिल्मों का दूसरा पार्ट आ रहा है। हालांकि दोनों ही फिल्मों में अनिल कपूर नहीं हैं। नो एंट्री तो उनके भाई बोनी ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। बोनी ने तो बताया था कि अनिल उनसे इस वजह से खफा भी हैं। अब अनिल ने खुद इस पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुझे 2 फिल्मों से रिप्लेस कर दिया गया। इसके पीछे क्या वजह है मुझे नहीं पता। लेकिन ऐसी चीजें होती रहती हैं। हम अपना काम ईमानदारी और सच्चाई से करते हैं। बस यही लाइफ है।

## टीवी मसाला



# जवाब देने में माहिर हैं टीवी इंडस्ट्री की ये बालाएं...

**नई दिल्ली।** टीवी जगत की अभिनेत्रियां अक्सर अपनी सीरियल वाली इमेज में बंध जाती हैं। उनमें से कई अभिनेत्रियां तो शो के बाहर भी कम बोलती नजर आती हैं। वहीं छोटे पर्दे की कुछ बालाएं ऐसी हैं जो असल जिंदगी में बहुत बोलती हैं। वे किसी भी बात का जवाब देने से घबराती नहीं हैं।

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम 'बिग बॉस' फेम ***शहनाज गिल*** का आता है। वे तो शो के दौरान सलमान खान को भी अपनी बातों से चुप करवा देती थीं। इस शो के दौरान दर्शकों को उनका चुलबुला अंदाज काफी पसंद आया था। वे शो कैंची की तरह जबान चलाती नजर आई थीं। वे पैपराजी तक को भी जवाब देने से कतराती नहीं हैं।

ऐसे ही ***निक्की तंबोली*** भी बहुत बोलती हैं। वे 'खतरों के खिलाड़ी' में सबको अपनी प्यारी बातों से चुप करवा देती थीं। सोशल मीडिया पर अक्सर उनकी तस्वीरों के अलावा उनकी बातों के क्लिप्स की वायरल होते रहते हैं। वे अपने मन की बात बिना लाग लपेट के बोल देती हैं।

इस लिस्ट में 'उडारियां' फेम ***ईशा मालवीय*** का भी नाम शामिल है। वे 'बिग बॉस' के पिछले सीजन में नजर आई थीं। शो के दौरान वे कई बार शो के होस्ट सलमान खान तक को जवाब देती दिखी थीं। ईशा शो में विक्की जैन के साथ काफी गप्पें मारती नजर आती थीं।

प्रियंका चोपड़ा की चचेरी लाडली बहन ***मन्नारा चोपड़ा*** भी बातें करने में या जवाब देने में किसी से कम नहीं हैं। वे 'बिग बॉस' में डंके की चोट पर अपनी बातें रखती नजर आई थीं। उनका बेबाक अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद भी आया था।

# 'कल्कि 2898 एडी' का एक और पोस्टर हुआ जारी, जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए देश-विदेश में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म में कई बड़े सितारों का जमावड़ा देखने को मिलने वाला है। फिल्म में भारतीय पौराणिक कथाओं और साइंस-फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फैंस ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे सिनेमाघरों में देखने के लिए और बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 27 जून को रिलीज होने वाली है। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब फिल्म का एक और नया पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में वरिष्ठ अभिनेत्री शोभना का पहला लुक सामने आया है। इस पोस्टर में वह लंबे समय से प्रतीक्षा करती नजर आ रही हैं। फिल्म में वह मरियम के किरदार में नजर आने वाली हैं। बता दें कि शोभना तेलुगु



सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, उन्होंने पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। यह फिल्म भारत में बनी सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी, पसुपति और राजेंद्र प्रसाद आदि कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में संतोष नारायणन ने संगीत दिया है। वहीं, फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज के बैनर तले अश्विनी दत्त ने किया है।



# गिनीज बुक में दर्ज है नाम

*नई दिल्ली। मशहूर गायिका अलका याग्निक ने 14 साल की उम्र में फिल्म 'पायल की झंकार' का 'थिरकत अंग लचक झुकी' गाना गाया। अल्का याग्निक अब तक करीब 21 हजार गानों को अपनी सुरीली आवाज से सजा चुकी हैं। इनमें ये बंधन तो, हमने तुमको दिल ये दे दिया और उड़ जा काले कावां भी शामिल हैं। 90 के दशक में अलका याग्निक की आवाज का जादू खूब चला। अपनी गायिकी के लिए अलका याग्निक का नाम गिनीज बुक में भी दर्ज हो चुका है। वर्ष 2022 में वह दुनियाभर में सबसे ज्यादा सुनी जाने वाली सिंगर रहीं। अलका ने बीटीएस, टेलर स्विफ्ट, ब्लैकपिंक जैसे इंटरनेशनल आर्टिस्ट को पछाड़कर ये रिकॉर्ड बनाया। 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' के हिसाब से उस साल अलका याग्निक को यूट्यूब पर हर दिन औसतन 15.3 बिलियन बार स्ट्रीम किया गया। उनके टॉप गानो में एक दिन आप (यस बॉस), तू शायर है (साजन), ऐसी दीवानगी (दीवाना), गली में आज चांद निकला, (जख्म), राजा को रानी से प्यार हो गया (अकेले हम अकेले तुम), हम तो दीवाने हुए यार (बादशाह), दिल ने ये कहा है दिल से (धड़कन), सूरज हुआ मद्धम (कभी खुशी कभी गम), कुछ तो हुआ है (कल हो ना हो) और अगर तुम साथ हो (तमाशा) शामिल हैं, जिन्हें दर्शक बड़े चाव से सुनते हैं।*

# जो करने का मन है, वही करना चाहिए : नीरज पांडे

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

13 जून को मुंबई के जुहू स्थित पीवीआर में अजय देवगन, तब्बू, जिम्मी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर स्टारर फिल्म 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट के साथ-साथ डायरेक्टर नीरज पांडे और संगीतकार एम एम कीरवानी भी मौजूद थे। ट्रेलर लॉन्च के दौरान सभी ने प्रेस के सवालों के जवाब दिए।

***16 साल बाद नीरज पांडे लेकर आए लव स्टोरी :*** डायरेक्टर नीरज पांडे ने अब तक 'स्पेशल 26', बेबी और एम एस धोनी जैसी फिल्मों को डायरेक्ट किया है। वहीं इतने सालों बाद रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा में हाथ आजमाने जा रहे हैं। नीरज पांडे ने बताया कि 16 साल पहले वो रोमांटिक फिल्म ही बनाने चाहते थे लेकिन तब उन्हें कोई प्रोड्यूस करना नहीं चाह रहा था, इसलिए इतना समय लग गया। वहीं आज के समय में रोमांटिक फिल्म बनाने के रिस्क के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा- 'जो करने का मन है वही करना चाहिए और अगर सभी एक्शन फिल्में बना रहे हैं तो जरूरी है कि मैं इसके उलट लव स्टोरी बनाऊं'।

## जुहू पीवीआर में 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट



### तब्बू और अजय की खट्टी-मीठी केमिस्ट्री

तब्बू और अजय देवगन ने 1994 में पहली बार साथ काम किया था और दोनों की केमिस्ट्री फैंस को पसंद भी आती है। लॉन्चिंग के दौरान दोनों के बीच खट्टी-मीठी केमिस्ट्री देखने को मिली। तब्बू ने बताया कि अजय देवगन सारी गॉसिप उनसे पूछते हैं।

### फीलिंग्स कभी नहीं बदलती : अजय

ये एक रोमांटिक लव स्टोरी ड्रामा फिल्म है, ऐसे में पूछा गया कि 2024 में प्यार किस तरह बदल चुका है? इस पर अजय देवगन ने जवाब दिया - 1824, 1724 हो या 1624... फीलिंग्स हमेशा एक ही समान रहती है। आप बस कितना अभिव्यक्त कर पाते हो इसका ही फर्क है।

### इस उम्र में रोमांटिक रोल करने पर तब्बू का जवाब

'पहले तो मैं डायरेक्टर नीरज पांडे को धन्यवाद देना चाहती हूं मुझे फिल्म में लेने के लिए'। आगे उन्होंने कहा- रोमांस युवा या किसी एज ग्रुप का नहीं, यहां बंदिशें नहीं हैं। एक रिलेशनशिप, प्यार या रोमांस से बड़ा और खूबसूरत होता है और एक ह्यूमन रिलेशनशिप को जानने का कोई अंत नहीं होता। फिल्म का निर्माण एन.एच स्टूडियोज ने किया है। वहीं ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

20 JUNE- CORIYA -BHOOMI-PG-3_Layout 1 6/20/2024 9:09 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 21 जून 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 सहपाठियों के साथ सीखने का दें अवसर



## खबर संक्षेप

### योग दिवस पर हास्य योग आज

**मनेन्द्रगढ़।** हास्य योग सेवा समिति के अध्यक्ष जसवीर सिंह कालरा ने जानकारी देते हुए बताया कि छग योग आयोग रायपुर के ज्ञापन 13 जून के संदर्भ में सेवा समिति द्वारा विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को हसदेव इन होटल ग्राउंड में प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक हास्य के माध्यम से सार्वजनिक योग का आयोजन किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 10 एवं 11 जून को हास्य योग सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ द्वारा श्रीराम मंदिर मैदान में दिल्ली से आए अंतरराष्टीय हास्य योग गुरु जितेन कोही के सानिध्य में हास्य योग का सार्वजनिक आयोजन किया गया था। इसमें काफी संख्या में आमजन शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान पूज्य गुरु ने ऐसे आयोजनों में महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। समिति के सचिव डॉ.राजपति त्रिपाठी ने समस्त नागरिकों से जीवन को स्वस्थ एवं सानंद बनाने के लिए विश्व योग दिवस 21 जून के आयोजन में समय पर सपरिवार सम्मिलित होने का अपील किया है।

### गौठान प्रबंधन समिति से अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**बैकुण्ठपुर।** शहरी गौठान प्रबंधन समिति से अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया है। इस आशय के पत्र उन्होंने



सीएमओ को प्रेषित किया है। पत्र के अनुसार पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद धीरज शिवहरे को बैकुंठपुर नगर पालिका अंतर्गत शहरी गौठान समिति का प्रथम अध्यक्ष बनाया गया था, जिसका निर्वहन उन्होंने ने किया। पार्षद श्री शिवहरे ने कहा कि मैं नैतिकता के आधार पर शहरी गौठान समिति से त्याग पत्र दे रहा हूं।

### खनिज न्यास की बैठक स्थगित

**बैकुण्ठपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक 21 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। आगामी बैठक की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### हिट एंड रन मोटर दुर्घटना के लिए समिति गठित

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के अधिसूचना 25 फरवरी 2022 द्वारा नवीन टक्कर मार कर भागना मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकार स्कीम 2022 लागू की गई है। छग शासन परिवहन विभाग के परिपालन में जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाता है। इसमें दावा निपटान आयुक्त कलेक्टर अध्यक्ष, दावा जांच अधिकारी अनुविभागीय दंडाधिकारी सदस्य, एसपी सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य, जिला परिवहन अधिकारी सदस्य,आर्थो वेलफेयर फाउंडेशन एमसीबी एनजीओ सदस्य तथा सीनियर डिवीजिनल मैनेजर अतुल ठाकेर समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**अम्बिकापुर।** मछली पालन विभाग के उपसंचालक ने बताया कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत दिनांक 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। अतः राज्य के समस्त नदियों, नालियों,छोटी नदियों, सहायक नदियों जिन पर सिंचाई के बडे या छोटे तालाब जलाशय जो निर्मित किये गये है, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार के मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

## एनएच के बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ मार्ग के जमदुआरी जंगल में भीषण हादसा

# कार-बाइक में भिड़ंत, दो की मौत

**बाइक सवार युवक यूपी से आकर फेरी का करता था व्यापार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

20 जून की सुबह एनएच 43 पर बैकुंठपुर-मनेन्द्रगढ़ मार्ग के जमदुआरी जंगल में हुए कार और बाइक के भीषण टक्कर में असमय दोनों चालकों की मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल कार चालक युवक ने इलाज के दौरान अंबिकापुर में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद एनएच 43 पर भीड़ लग गई। दुर्घटना की सूचना के बाद चरचा पुलिस मौके पर पहुंची।

■ कार चालक मृतक युवक पावर लिफ्टिंग में जीते थे कई मैडल

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की सुबह 9 बजे के करीब एनएच 43 पर बैकुंठपुर और मनेन्द्रगढ़ मार्ग के बरबसपुर और नगर के बीच जमदुआरी जंगल में कार क्रमांक सीजी 16 सीएच 3582 में सवार होकर बैकुंठपुर अग्रवाल सिटी निवासी रोनित सिंह पिता राकेश सिंह उम्र 23 वर्ष मनेन्द्रगढ़ की ओर जा रहा था, इसी दौरान विपरित दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक यूपी 21 सीयू 7540 का चालक राहत खान निवासी बिलपुर थाना कुदरंगी में आमने-सामने की जबरजस्त भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक से फेरी का व्यापार करने वाले राहत खान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक नागपुर में किराए के मकान में रहकर घूम-घूमकर बाइक से फेरी का व्यापार कर अपने परिवार का जीवन-यापन करता था। वहीं हादसे में कार चालक पावर लिफ्टिंग में गोल्ड विजेता रोनित गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर लाया गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबिकापुर रिफर किया गया, जहां युवक की मौत हो गई। इस भीषण हादसे में असमय ही दो परिवारों में दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक युवक घर का इकलौता चिराग रहा। हादसे के बाद चरचा पुलिस ने बाइक और कार को अपने कब्जे में ले लिया है, वहीं दुर्घटना में मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया है।

हादसा इतना भीषण रहा कि कार कई मर्तबा पलट गई और बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना स्थल पर बाइक के कलपुर्जे और व्यापार करने के लिए ले जा रहे कपड़े बिखर गए थे।





एनएच 43 पर हादसे में दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक।



हादसे के बाद एनएच पर लगी भीड़।

### असमय ही सबको रूलाकर चला गया रोनित



मृतक रोनित।

पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रोनित ने देश प्रदेश में कई मैडल अपने नाम किए थे। इस भीषण हादसे ने 23 साल के एक होनहार युवक को सभी से छिन लिया। दुर्घटना के बाद से रोनित के परिवार में दुःखो का पहाड़ टूट गया है। इकलौते पुत्र के खोने के गम में माता-पिता बेसुध हो जा रहे हैं। रोनित के पिता राकेश सिंह स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में असम में वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग फेडरेशन चैंपियनशिप प्रतियोगिता समेत कई जगहों पर रोनित ने कोरिया जिले का नाम रौशन करते हुए कई मैडल जीते हैं।

### हादसों पर एनएच गंभीर नहीं

आए दिन हो रहे एनएच पर हादसो को लेकर विभाग संजीदा नहीं नजर आता। दुर्घटनाजनित क्षेत्र और अंधे मोड़ के पास एनएच को विशेष कार्य किए जाने की जरूरत है। दुर्घटना स्थल जमदुआरी के जंगल से गुजरने वाले राहगीरों का कहना है कि पुलिया के समीप वाहन अक्सर जंप करता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसके साथ ही एनएच पर तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाए जाने की जरूरत है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दुर्घटनाग्रस्त कार भी इसी जंप के कारण अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया।

## योग प्राणायाम एवं प्राकृतिक चिकित्सा से रूपा को मिला नया जीवनदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

प्राकृतिक चिकित्सा एवं अपने दैनिक दिनचर्या में योग एवं प्राणायाम के माध्यम से विभिन्न कठिन बीमारियों से मुक्त होने वाली सामाजिक कार्यकर्ता एवं योग साधिका रूपा पोद्दार उन महिलाओं में शामिल हैं, जिन्होंने अपने कठिनाई के दिनों में योग और प्राणायाम पर विश्वास कायम रखा।



■ विश्व योग दिवस आज

रूपा लगभग 10 वर्षों तक दुर्ग में रहकर प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं प्राणायाम की लंबी साधना की है। योग पर अटूट विश्वास के कारण ही रुपा पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की चिकित्सा को करीब से समझने भारत के विभिन्न योगाचार्य से भी मुलाकात की। पति के स्वास्थ्य खराब होने के बाद भी रूपा ने अपने दैनिक दिनचर्या में योग एवं प्राणायाम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

दसवें अंतरराष्टीय योग दिवस की वैश्विक थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग पर विचार व्यक्त करते हुए रूपा कहती हैं कि योग अभ्यास से महिलाएं निसंदेह स्वस्थ एवं सशक्त हो सकती हैं। महिलाओं की संस्था तेजस्विनी शाखा की सक्रिय सदस्य ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अमृत सरोवर स्थलों पर आज मनेगा योग दिवस



योग का अभ्यास करते लोग।

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य कल्याण और प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए अमृत सरोवर स्थलों पर 21 जून को अंतरराष्टीय योग दिवस का आयोजन करने के लिए निर्देशित किया गया है। अमृत सरोवर स्थलों पर स्थानीय समुदाय, आमजन, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं हितग्राहियों के लिए योग सत्र आयोजन किया जाना है। इसमें आसन, प्राणायाम (सांस लेने के लिए व्यायाम)और ध्यान संबंधित क्रिया शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही योग के लाभों और स्वस्थ शैली जीवन को बनाए रखने के महत्व पर संगोष्ठी एवं परिचर्चा किया जाना है। ग्राम, ग्राम पंचायतों के आमजन, हितग्राहियों को आयोजन से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में सूचित कर आयोजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सकेगा। । गांव में निर्मित अमृत सरोवर के पास योग अभ्यास के साथ जल संरक्षण, जल संवर्धन की महत्वता के प्रति समझ विकसित करना है। योग अभ्यास के दौरान ग्रामीण जन जहां एक ओर स्वस्थ जीवन की राह चुनेंगे तो दूसरी ओर सामाजिक समरसता आजीविका संवर्धन गतिविधियों भी कार्ययोजना तय करेंगे।



वाहन को हरीझंडी दिखाकर रवाना करती जिपं अध्यक्ष(

## जिपं अध्यक्ष ने हरीझंडी दिखा श्रद्धालुओं को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

छग शासन की महत्वाकांक्षी श्रीरामलला दर्शन अयोध्या धाम यात्रा योजना के अंतर्गत पहले चरण में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 50 श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन के लिए विगत दिवस रवाना हुए।

इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले चरण में जिले के लोगों ने अपना आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में गुरूवार को 50 यात्रियों का चयन किया गया। अयोध्या धाम यात्रा के लिए आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 75 वर्ष निर्धारित की गई है। तीर्थयात्री के लिए यात्रा में शमिल होने के लिए जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ से 9, जनपद पंचायत खड़गवां से 20 तथा जनपद पंचायत भरतपुर से 21 लोगों दो बस में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के लिए वाहन व्यवस्था किया गया है।

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से दोपहर 12 बजे ट्रेन से श्रद्धालुओं को आगे का सफर तय करना था, इसलिए सभी की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीर्थ यात्रियों के बस को यहां से सुबह रवाना कर दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह ने रामलला दर्शन के लिए जाने वाले वाहनों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा 26 को

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो की अध्यक्षता में 26 जून को दोपहर 2 बजे से जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभा कक्ष में आहूत की गई है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि बैठक में विभागीय समीक्षा, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा, दुकान की नीलामी,तालाब लीज, इसके साथ ही 15 वां वित्त बीपीडीपी कार्ययोजना वर्ष 2024-25 पर चर्चा की जाएगी तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## जिले में वृहद पौधरोपण करने के दिए निर्देश

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी.राहुल वेंकट की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर ने पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी विभाग में प्रकरण लंबित नहीं होने चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न विभागों में संचालित शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो। साथ ही ऐसे निर्माण कार्य जो पूर्णता की ओर है कि सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके अलावा उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय वाले मामलों की वस्तुस्थिति से अवगत होकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए, इसके पहले कलेक्टर ने वन विभाग, राजस्व विभाग, जल जीवन मिशन, रोड निर्माण के लंबित मामलों सहित पेंशन प्रकरण आदि की विभागवार जानकारी लेते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे जीएडी क्वार्टर बनाने के लिए संयुक्त टीम के माध्यम से परीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जमीन के लिए मौका जांच कर नक्शा, खसरा, चौहदी तैयार करने के बाद ही जमीन आवंटन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे जल्द ही काम चालू किया जा सके। उन्होंने केल्हारी एवं जनकपुर में ▶▶ शेष पेज 4 पर



साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते कलेक्टर डी. राहुल।

## आदर्श पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति मनेन्द्रगढ़ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एमसीबी जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुरेश तिवारी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सौभाग्य शरण सिंह के द्वारा राष्टीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन दिवस के अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को रोकथाम के बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर पुष्पेन्द्र सोनी ने बताया कि राष्टीय सिकलसेल एनीमिया के प्रति जागरूकता लाने के लिए जिला और विकासखंड़ एवं ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सिकल सेल में आरबीसी का साइज सी शेप्ड या हास्याकार हो जाता है, जिसके कारण शरीर में रक्त की कमी हो जाती है ,इसके बाद मरीज को इस बीमारी में लगातार दवाई लेने की आवश्यकता होती है। लोकल ट्रांसमिशन को रोकना और रिस्टेब्लिशमेट नहीं होने देना हमारा संकल्प है। जिला मलेरिया सलाहकार संजीत कुमार सिंह द्वारा सिकल सेल से बचने के लिए स्क्रीनिंग करने की सलाह दी गई, जिससे की गंभीर पेशेंट का ब्लड ट्रांसफ्यूजन और दवाइयां से उनका इलाज किया जा सके।

जिला मास्टर ट्रेनर संजीत कुमार सिंह और आदर्श पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं के द्वारा सिकल सेल के संबंध में मनेन्द्रगढ़ शहर में पंपलेट, हैंड बिल, माइकिंग के द्वारा सिकल सेल से बचाव के संबंध में जन जागरूकता फैलाई गई। ब्लॉक कार्यक्रम प्रशिक्षण अधिकारी दिनेश गुप्ता द्वारा भी आदर्श पैरामेडिकल के बच्चों के लिए एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आदर्श पैरामेडिकल के बच्चे जिला स्वास्थ्य समिति मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी - भरतपुर के कार्यालय में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आदर्श पैरामेडिकल संस्था के संचालक रमेश सोनी ने बताया कि संस्था के विद्यार्थियों द्वारा ▶▶ शेष पेज 4 पर



### जिला पंचायत में सामान्य सभा, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# ग्रामीणों के बिजली बिल में सुधार के लिए लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला पंचायत के मंथन कक्ष में अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह के अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग के अंतर्गत संचालित हो रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और उपस्थित जिला स्तरीय जनप्रतिनिधियों ने लोकहित के विभिन्न विषयों पर सदन में चर्चा की।

जिला पंचायत सदस्यों के द्वारा सदन के संज्ञान में लाए गए लोकहितकारी विषयों पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों को त्वरित कार्रवाई कर अगली बैठक के पूर्व पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के कारण गत तीन माह से जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक स्थगित रही। बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कुछ विभाग प्रमुखों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। 20 जून को जिला पंचायत की सामान्य सभा के पूर्व जिला पंचायत के सदस्यों के उन्मुखीकरण के लिए एक प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि जिला पंचायत विकास योजना के साथ ही अनुसूचित क्षेत्र के लिए लागू होने वाले पेसा अधिनियम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के विषय पर यह प्रशिक्षण विभागीय अधिकारियों के द्वारा प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, सदस्य श्रीमती सुनीता कुर्रे, श्रीमती उषा सिंह करयाम, श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े, श्रीमती चुन्नी पैकरा, श्रीमती वंदना राजवाड़े एवं सदस्य दृगपाल सिंह उपस्थित रहे।

जिला पंचायत की उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू के द्वारा विषयांतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला पंचायत की सामान्य सभा में पहले गत बैठक में सदस्यों के द्वारा संज्ञान में लाए गए विषयों पर संबंधित विभाग प्रमुखों ने की गई कार्रवाई के पालन प्रतिवेदन की जानकारी प्रदान की, इसके बाद विभागों के द्वारा एक-एक कर अपने विभाग की संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक के दौरान विद्यालयों में स्वच्छता का विषय सदस्यों के द्वारा संज्ञान में लाया गया। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय में शौचालयों की नियमित तौर पर साफ-सफाई हो, खासकर जिन विद्यालयों में छात्राएं अध्ययन कर रही हैं, वहां विशेष ध्यान रखा जाए। मैदानी अधिकारी नियमित तौर पर इसकी जांच करें और वस्तुस्थिति पर इस कार्यालय को रिपोर्ट भी करें। आत्मानंद विद्यालय प्रांगण में जलभराव होने का विषय आने पर सीईओ ने कहा कि ऐसे सभी विद्यालय प्रांगण जहां जल भराव की स्थिति ▶▶ शेष पेज 4 पर




### पंजीकृत कोर्स में प्रशिक्षण के लिए आवेदन 26 तक

**बैकुण्ठपुर।** प्राचार्य जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज सलका बैकुंठपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 पंजीकृत कोर्स के लिए फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, एलईडी लाइट रिपेयर टेक्निशियन, ब्यूटी थेरेपिस्ट, हिन्दी टाईपिस्ट कम्प्यूटर, कारपेंटर, सोलर पंप इंस्टॉलेशन का प्रशिक्षण प्रारंभ होने जा रहा है। उक्त पंजीकृत कोर्स में प्रशिक्षण लेने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जून तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लाइवलीहुड कॉलेज सलका बैकुंठपुर में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। इसमें पंजीकृत हितग्राहियों को कौशल प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। अन्य जानकारी लाईवलीहुड कॉलेज ग्राम सलका बैकुंठपुर में उपस्थित हो सकते हैं। आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा 2 नग पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न कर आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 107.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 से 20 जून तक 107.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील बैकुंठपुर में 7.2, सोनहत में 16.9, पटना में 67.8 एवं पोड़ी बचरा में 16.0, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील बैकुंठपुर में 0, सोनहत में 6.6, पटना में 44.7 एवं पोड़ी बचरा में 0, मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने सघन टीकाकरण



**बैकुण्ठपुर।** पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के अंतर्गत आने वाले पशुपालकों के पशुधन को संक्रामक एवं भूजन्य बीमारियों, मौसमी बीमारी गलघोटू एवं एकटंगिया से बचाव के लिए सघन टीकाकरण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह टीकाकरण का कार्य आगामी एक माह तक जारी रहेगा। विदित हो कि गलघोंटू घटसर्प की बीमारी मुख्य रूप से गौवंशीय प्रजातियों में अधिकतर पाई जाती है एवं एकटंगिया चुरचुरिया की बीमारी कम उम्र के एक से दो वर्ष के बछड़ों में ज्यादातर फैलने की संभावना बनी रहती है, इससे पशुओं पालकों को पशुधन की हानि होने की संभावना बढ़ जाती है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जिले के समस्त पशुपालकों से आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में अपने पालतू पशुओं को इस भूजन्य बीमारियों से बचाव के लिए विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण कार्य का लाभ लेते हुए विभागीय अमले को टीकाकरण कार्य में सहयोग करने को कहा है।

### बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए सर्वे टीम गठित

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर विकासखंड सोनहत के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राकेश साहू एवं तहसीलदार परमानंद कौशिक के द्वारा सोनहत तहसील के अंतर्गत ग्राम घुघरा एवं कैलाशपुर के बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने के लिए सर्वे टीम गठित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राकेश साहू ने बताया कि सर्वे जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने गठित दल द्वारा सर्वे शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी तैयारी के संबंध में ग्राम घुघरा के राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी, सरपंच, सचिव, पंचगण एवं ग्राम प्रमुख नागरिकों के उपस्थिति में बैठक कर ग्रामवासियों से बंदोबस्त त्रुटि सुधार कार्य में टीम को सहयोग करते हुए अपनी-अपनी भूमि के जो बंदोबस्त त्रुटि हुई है, उसको सर्वे टीम के समक्ष रखने को कहा गया। अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही उक्त बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए सर्वे प्रारंभ किया जाएगा, इससे सभी खातेदार जिनकी बंदोबस्त त्रुटि हुई है, उनके अभिलेखों का सुधार किया जा सके।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा कार्यक्रम का आयोजन



**डोमनहिल।** अंतरराष्टीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम चिरमिरी के द्वारा में स्वच्छ मन स्वच्छ शहर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका निगम चिरमिरी के आयुक्त राम प्रसाद आंचला ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय बड़ा बाजार चिरमिरी में निगम के जनप्रतिनिधि, नागरिक, समस्त शासकीय कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों के द्वारा प्रातः 7 से 8 तक योग दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में निगम आयुक्त कक्ष में बैठक कर समस्त विभाग प्रमुख को कार्यक्रम को सुव्यस्थित करने के लिए आयुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान पार्षद एवं एमआईसी खेलकूद युवा कल्याण प्रभारी शन्नी चौहथा सहित महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं निकाय के सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्तर के शिक्षकों का बुनियादी साक्षरता का प्रशिक्षण

# सहपाठियों के साथ सीखने का दें अवसर



विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

आत्मानंद विद्यालय खरवत में विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का तृतीय चरण का आयोजन 19 जून को किया गया। एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम एवं द्वितीय चरण का आयोजन किया जा चुका है। तृतीय चरण का आयोजन किया जा रहा है, इसके पश्चात चतुर्थ चरण के प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण में संकुल बिशुनपुर, संकुल कन्या चरचा, बालक चरचा, संकुल सरडी, संकुल मॉडल बैकुंठपुर, संकुल खरवत, बालक बैकुंठपुर के प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किए, इससे सभी प्रशिक्षार्थी लाभान्वित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता विकास अभियान के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम से राज्य में प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षक को एक नई दिशा मिल पा रही है। इसीक्रम में वर्ष 2023-24 की कार्य योजना तैयार की गई है। इस कार्य योजना द्वारा आगामी वर्षों में प्रयास होगा कि बच्चे अपनी आयु और कक्षा के अनुरूप निर्धारित दक्षताएं प्राप्त कर पाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को सहपाठियों के साथ सीखने के अवसर देना चाहिए, सीखने की प्रक्रिया केवल शिक्षक केन्द्रित नहीं होनी चाहिए, बच्चे अपने सहपाठी साथियों के साथ ज्यादा सहज होते हैं और उनके साथ जुड़कर आसानी से नई बातें सीख सकते हैं। योजनाबद्ध तरीके से बच्चों को उनके सहपाठियों के साथ सीखने का अवसर दिया जाए, तो इसके परिणाम बेहतर होंगे। जिला शिक्षा कार्यालय के एमआईएस विनय मोहन भट्ट ने कहा कि कक्षा प्रबंधन एक विशेष प्रकार की रणनीति एवं तकनीक है जो सभी बच्चों को सक्रिय रूप से कक्षा में हो रही गतिविधियों से जोड़कर रखती है। प्रभावी कक्षा प्रबंधन वह है जो सीखने में मदद करें, जैसे शिक्षक का व्यवहार एवं कक्षा का वातावरण वास्तविक अपेक्षाएं अधिगम शिक्षण सामग्री का उपयोग।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया में बच्चों को ठोस वस्तुओं, चित्रों, बच्चों द्वारा बनाई गई सामग्री, शिक्षक द्वारा बनाई गई सामग्री आदि को कक्षा में प्रदर्शित करें तो बच्चों को बुनियादी संख्यात्मकता के कौशलों को सीखने का एक समृद्ध वातावरण मिलेगा। विकासखंड स्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला ने कहा कि गणित सीखने की प्रक्रिया में गणितीय कौशलों का सीखना सहज तभी हो पाता है, जब सीखना अर्थपूर्ण संदर्भों पर आधारित हो व सीखने की प्रक्रिया दैनिक जीवन से जुड़ी हुई हो और उद्देश्य पूर्ण हो, इससे कि सीखने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके, इसके अलावा सवालों को बच्चों के लिए चुनौती पूर्ण बनाया जाए, इसके लिए बच्चों को सवाल स्वयं हल करने एवं जूझने के लिए प्रेरित किया जाए तो इससे बच्चों में समस्या से जूझने और समाधान खोजने का कौशल विकसित होगा। प्रशिक्षण में डीईओ जितेन्द्र गुप्ता, एमआईएस विनय मोहन भट्ट, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, खंड स्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला, डीआरजी मास्टर ट्रेनर अमर साय भगत, कानन गुप्ता, छत्रपाल राजवाड़े, खगेश पैकरा, मो.नय्यर अंसारी सहित प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।



पौधरोपण करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जासयवाल व अन्य।

# पौधरोपण कर पर्यावरण को करें संरक्षित: जायसवाल

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

**आम लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने की अपील**

हल्दीबाड़ी छठघाट पर पौधारोपण करके लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संदेश स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिए। छठघाट में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण करते हुए उन्होंने कहा कि जिन पेड़ों से हम ऑक्सीजन लेते हैं,अपनी प्राणशक्ति जहां से पाते हैं, उनके स्वास्थ्य के लिए हमें भी सोचना चाहिए।

वैज्ञानिक सोच रखने वाले हमारे ऋषि मुनि एवं पूर्वजों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए धर्म को हमारी दिनचर्या के साथ जोड़ दिया था, उन्हें मालूम था कि यदि किसी चीज को बचाना है तो उसको धर्म से जोड़कर हम पीढ़ी दर पीढ़ी एक संदेश पहुंचा सकते हैं। यही कारण है कि उन्होंने नदियों को मां की संज्ञा देकर उनकी पूजा, वंदना, आरती की परंपरा का आह्वान किया। पौधे जो हमारे प्राण के आधार हैं, विशेषतः भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों को जल से सींचना, उनकी परिक्रमा करना एवं उनके काटने पर पाप का भागीदार बनना, यह सब बातें हमें शुरू से ही हमारे बड़े समझाते आए हैं। पंच पल्लव वृक्ष बड़, पीपल, आम, अशोक और गूलर को लगाना एवं इन पौधों की पूजा करना, युगों से इस परंपरा का प्रतिपादन ऋषि-मुनियों ने किया है। इन सब धारणाओं के पीछे एक बहुत बड़ी वैज्ञानिक सोच है। जिस तरह मां हमें जीवन देती है, उसी तरह पेड़ भी न सिर्फ हमें बल्कि कई प्राणियों के जीवनदाता होते हैं।

उन्होंने आह्वान किया कि बैंक में रुपए बढ़ाने के साथ ऑक्सीजन बैंक अपने पर्यावरण में बढ़ाएं। समय रहते ऑक्सीजन बैंक बढ़ा लें, ताकि उसका मोहताज ना होना पड़े। जितना हो सके अपने आसपास पेड़-पौधे लगाएं। इस दौरान सूरजपुर से आए सुशील अग्रवाल, श्री चौधरी सहित युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह, प्रमोद सिंह, शंभू सिंह, सुरेन्द्र, जितेन्द्र, निक्कू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विभिन्न पुरस्कार व सम्मान के लिए मंगाए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छग शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किए जाते हैं।

राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने बीते 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छग की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिलाएं-पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों, निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो, इसके आधार पर उन्हें सम्मानित किए जाने के लिए विचार किया जाए, उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है। पुरस्कार के नियम छग राजपत्र में प्रकाशित किए गए हैं। नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के चलित प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार के लिए 3 लाख, शहीद कौशल यादव पुरस्कार के लिए 1 लाख 50 हजार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार के लिए 1 लाख 50 हजार, शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं पंकज विक्रम सम्मान के लिए 25-25 हजार रूपए नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

इसी प्रकार सीनियर एवं जूनियर वर्ग के दलीय खेलों के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसमें ऐसे दलीय खेल जिसके सदस्यों की संख्या 4 है, उन्हें सीनियर वर्ग में 2 लाख एवं जूनियर वर्ग में 1 लाख रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा तथा ऐसे दलीय खेल जिसमें सदस्यों की संख्या 4 से अधिक है, उन्हें सीनियर वर्ग में 5 लाख तथा जूनियर वर्ग में 3 लाख का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के अतिरिक्त मानपत्र, अलंकरण फलक, ब्लेजर एवं टाई प्रदान की जाएगी। राष्टीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है।

# गोविंदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था चरमराई, चार महीनों से लटका है ताला



उप स्वास्थ्य केन्द के सामने मौजूद ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र गोविंदपुर स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहने से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हैरानी की बात यह है कि उप स्वास्थ्य केंद्र में पिछले चार मार से ताला लटक रहा है जिसका खामियाजा गर्भवती माताओं से लेकर बीमार बच्चे व बड़ो को भुगतना पड़ रहा है।

आलम यह है कि उप स्वास्थ्य केन्द्र के बंद होने से लोग झोलाछाप डॉक्टर से उपचार कराने को मजबूर है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र नियमित खोले जाने की मांग की है जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। प्रतापपुर के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र गोविंदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में लगातार चार महीनों से ताला लगा है।

उप स्वास्थ्य केन्द्र के बंद रहने तथा कोई स्टाफ द्वारा नहीं खोलने से स्थानीय गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम में बदलाव होने से मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र खुला रहता तो दवा मिल जाती जिससे पीड़ितों का राहत होती और बुजुर्गों महिलाओं का बीपी शुगर की जांच होती। लगातार उप स्वास्थ्य केंद्र लगातार बंद रहने से लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हो रहे है।

## पृष्ठ 3 का शेष

### योग प्राणायाम एवं ...

एवं लायनेस, वी क्लब की सह सचिव रूपा पोद्दार ने अंतरराष्टीय योग दिवस के परिपेक्ष्य में महिलाओं को स्वस्थ निरोग आनंदमय, शांतिपूर्ण एवं गतिशील जीवन बनाए रखने के लिए योग एवं प्राणायाम को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की अपील की है। रूपा का कहना है कि महिलाओं की ऐसी बहुत सी बीमारियां होती है, जिन्हें योगासनों के माध्यम से दूर किया जा सकता है। कामकाजी महिलाएं घर और ऑफिस के कामों के चलते लगातार व्यस्त रहती हैं, लेकिन उन्हें भी अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए योग के लिए समय जरूर निकालना चाहिए, इसका उनकी हेल्थ और लाइफ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### जिले में वृहद ...

बनने वाले हाउसिंग बोर्ड की भी जानकारी ली। मनेन्द्रगढ़ का नगर पंचायत बनाने के लिए उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों का वार्डों का भ्रमण जनप्रतिनिधियों की रायशुमारी करने कहा। बैठक में डीएफओ नीरज, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर लिंगराज सिदार, डिप्टी कलेक्टर प्रितेश राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खड़गवां विजेन्द्र कुमार सारथी, नगर निगम आयुक्त रामप्रसाद आंचला, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, जिला परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय एवं जिले के सभी ब्लॉक के जनपद सीईओ सहित नगरीय निकाय के सीएमओ एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आदर्श पैरामेडिकल ...

सिकलसेल के संबंध में मनेन्द्रगढ़ शहर में पंपलेट, हैंड बिल,माइकिंग के द्वारा से बचाव के संबंध में जन जागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर आदर्श पैरामेडिकल संस्था के शिक्षक सोहन यादव, विद्यार्थी देवेन्द्र, अल्फा सिंह, रीता सिंह, सुनीता बर्मन, गायत्री सिंह, गीतांजलि सिंह, अनीता पटेल,सोनू केवट ,मोनिका, सुमन, कविता, मानसी गुप्ता, नैंसी विश्वकर्मा, सोनू केवट, रोहन, आरजू ,देवेन्द्र, समीक्षा, जया, अंजु, पूजा, पार्वती, नेहा सिंह, मोनिका, सचिन, हिरमतिया, पूजा सिंह, मानमति, दिव्या, मनीषा,नाजिया उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों के बिजली...

बनती है, वहां ग्राम पंचायत से संपर्क कर रिचार्ज पिट का निर्माण कराएं, ताकि बारिश का पूरा पानी भूमिगत जल में परिवर्तित किया जा सके। जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने बांधों के गेट मरम्मत के साथ ही नहरों के साफ-सफाई और अतिक्रमण को हटाने के लिए सदन में बात रखी। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने एक पखवाड़े में सभी कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

